6 दैनिक जागरण कानपुर, 3 मई, 2025

मर्चेंट्स चैंबर में आयोजित पत्रकार वार्ता में जानकारी देते डा.एएस प्रसाद (दाएं से दूसरे) साथ में स्वतंत्र सिंह, डा.आइएम रोहतगी व डा. अवध दुबे (बाएं से दाएं) ● जागरण

# स्वास्थ्य और सैन्य रणनीति पर दो दिन होगा मंथन

जासं, कानपुर: सिविल लाइंस स्थित मर्चेंट्स चैंबर आफ उत्तर प्रदेश के सभागार में चार और पांच मई को दो दिवसीय विचार गोष्ठी में स्वास्थ्य और सैन्य रणनीति को लेकर मंथन किया जाएगा। चार मई को एंडोक्राइनोलाजिस्ट व पद्म भूषण से सम्मानित डा. अंबरीश मित्तल स्वास्थ्य विषय पर व्याख्यान देने के लिए आएंगे। डा. एएस. प्रसाद ने बताया कि डा. मित्तल हार्मोन असंतुलन, मोटापा और डायबिटीज के नियंत्रण में नई दवाओं और उपचार विधियों पर जानकारी देंगे। वहीं, पहलगाम घटना के बाद भारत की परिस्थितियों को लेकर 'इंटेलिजेंस इन एक्शन' विषय पर परिचर्चा में रा. के पूर्व अधिकारी कर्नल आरएसएन सिंह और सैन्य रणनीतिकार सेवानिवृत्त कर्नल अजय के. रैना प्रतिभाग करेंगे। इस दौरान डा. अवध दुबे, डा. आइएम रोहतगी, स्वतंत्र सिंह, महेंद्र मोदी मौजूद रहे।

आज
कानपुर, 3 मई 2025 4

# दवाओं के इस्तेमाल से फायदा या नुकसान, बतायेंगे एक्सपर्ट

## जियो पॉलिटिक्स में भारत की भूमिका पर होगा टॉक शो

कानपुर, 2 मई। मर्चेंट्स चैम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश (एमसीयूपी) चार और पांच मई को शहर में दो बड़े कार्यक्रम आयोजित कराने जा रहा है। इसमें चार मई को स्वास्थ्य जागरूकता से जुड़े कार्यक्रम होगा और पांच मई को भू-राजनीतिक बदलावों और खुफिया नीति पर चर्चा की जायेगी। यह जानकारी एक प्रेस वार्ता में एमसीयूपी के सचिव महेंद्र मोदी ने दी। उन्होंने बताया कि दोनों कार्यक्रमों से शहर के लोगों को स्वास्थ्य और जियो पॉलिटिक्स व केन्द्र के कई कदमों की जानकारी मिलेगी। प्रेस वार्ता में डॉ एएस प्रसाद ने बताया कि चार मई को पद्म भूषण पुरस्कार विजेता डॉ. अम्बरीश मित्थल विशेष स्वास्थ्य वार्ता करेंगे। डॉ. मित्थल एंडोक्राइनोलॉजी, शरीर में हार्मोनों को मनाता, थायरॉइड आदि पर जानकारी देंगे। स्वतंत्र सिंह ने बताया कि पांच मई को आयोजित होने वाले कार्यक्रम इंटेलिजेंस इन एक्शन में भारत की राजनीतिक रणनीति पर परिचर्चा होगी। इसमें पूर्व रॉ अधिकारी कर्नल आरएसएन सिंह और सेवानिवृत्त कर्नल अजय के रैना शिरक्त करेंगे। उन्होंने बताया कि सेवानिवृत्त कर्नल आरएसएन सिंह राष्ट्रीय सुरक्षा और खुफिया मामलों पर व्यापक काम किया है। वह भू-राजनीतिक बदलाव में भारत की भूमिका और भारत की राजनीतिक खुफिया नीति पर चर्चा करेंगे। सेवानिवृत्त कर्नल अजय के रैना भारत के रणनीतिक युध्याभ्यासों के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालेंगे। वह तकनीकी उन्नति और सैन्य तैयारियां व सीमा सुरक्षा और आंतरिक स्थिरता पर बात करेंगे। प्रेस कान्फ्रेंस में डॉ. अवध दुबे, डॉ. आई एम भी शामिल थे।

वार्ता में जानकारी देते मर्चेंट्स चैम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश के पदाधिकारी।

## एमसीयूपी आयोजित करेगा 4 व 5 मई को दो कार्यक्रम

शनिवार ● 03.05.2025 06
अमर उजाला

# चार मई को शहर आएंगे पद्म भूषण डॉ. अंबरीष

कानपुर। मर्चेंट्स चैंबर ऑफ उत्तर प्रदेश की ओर से चार मई को स्वास्थ्य परिचर्चा का आयोजन किया जा रहा है। इसमें देश-विदेश के जाने माने एंडोक्राइनोलॉजिस्ट और पद्म भूषण डॉ. अंबरीष मित्थल आएंगे। वह शरीर में हार्मोन की महत्ता पर चर्चा करेंगे। चैंबर के सदस्यों के साथ प्रश्नोत्तरी सत्र भी होगा। वहीं, सोमवार (पांच मई) को इंटेलिजेंस इन एक्शन भारत की राजनीतिक रणनीति से रणनीतिक कदम पर परिचर्चा होगी। इसमें कर्नल आरएसएन सिंह पूर्व रॉ अधिकारी और कर्नल अजय के रैना शामिल होंगे। मर्चेंट्स चैंबर हॉल में आयोजित पत्रकार वार्ता में ये जानकारी चैंबर के पदाधिकारियों ने दी।

**मर्चेंट्स चैंबर आफ उप्र की ओर से आयोजित कार्यक्रम में शरीर में हार्मोंस की महत्ता पर करेंगे चर्चा**

डॉ. एएस प्रसाद और डॉ. अवध दुबे ने बताया कि डॉ. मित्थल विटामिन डी और थायरॉइड से जुड़े शोधों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित हैं। उनके कई शोध पत्र विश्व प्रसिद्ध जर्नलों में प्रकाशित होते रहते हैं। परिचर्चा में वह बताएंगे कि हार्मोनल असंतुलन को नियंत्रित करने और उन्हें बेहतर बनाए रखने के लिए कौन-कौन से नवीनतम शोध और उपचार उपलब्ध हैं।

डॉ. आईएम रोहतगी और स्वतंत्र सिंह ने बताया कि पांच मई को होने वाले कार्यक्रम में भू-राजनीतिक बदलावों में भारत की भूमिका, राजनीतिक खुफिया नीति, तकनीकी उन्नति और सैन्य तैयारियां, सीमा सुरक्षा और आंतरिक स्थिरता पर चर्चा की जाएगी। इसमें सैन्य रणनीति और भू-राजनीतिक मामलों के विशेषज्ञ कर्नल आरएसएन सिंह और सैन्य रणनीति और भू-राजनितिक मामलों के जानकार कर्नल अजयके रैना अपने विचार रखेंगे। चैंबर के सचिव महेंद्र मोदी ने बताया कि वाईटी डेफ टॉक्स के आदि अंचित का विशेष टॉक शो भी इसी दिन होगा। (ब्यूरो)

अमृत विचार
www.amritvichar.com
कानपुर, शनिवार, 3 मई 2025

# हार्मोन के महत्व के बारे में बताएंगे डॉ अम्बरीश

कानपुर। मर्चेंट्स चैम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश में चार व पांच मई को दो कार्यक्रम होंगे। पद्म भूषण पुरस्कार विजेता डॉ. अम्बरीश मित्थल की ओर से विशेष स्वास्थ्य वार्ता रविवार शाम पांच बजे होगी। कार्यक्रम की जानकारी देने के लिए चैम्बर में शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता में डॉ. अवध दुबे, डॉ. आई ए. रोहतगी, स्वतंत्र सिंह, महेंद्र मोदी मौजूद रहे।

www.livehindustan.com
हिन्दुस्तान
कानपुर, शनिवार, 3 मई 2025 08

# हार्मोनल असंतुलन पर कल होगी चर्चा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। सिविल लाइंस स्थित मर्चेंट चैंबर में चार मई को पद्म भूषण डॉ. अम्बरीश मित्तल विशेष स्वास्थ्य वार्ता के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली के संबंध में हम जानकारी देंगे। पांच मई को इंटेलिजेंस इन एक्शन पर भारत की राजनीतिक रणनीति से रणनीतिक कदम पर परिचर्चा का आयोजन होगा। यह जानकारी शुक्रवार को डॉ. एएस प्रसाद व डॉ. अवध दुबे मर्चेंट चैंबर में दी।

डॉ. एएस प्रसाद ने बताया कि चैंबर समय-समय पर अपने सदस्यों, उनके परिवारजनों व आम लोगों के लिए स्वास्थ्य जागरूकता से जुड़े कार्यक्रम आयोजित करता है। चार मई को प्रस्तावित कार्यक्रम एंडोक्राइनोलॉजिस्ट पद्म भूषण डॉ. अम्बरीष मित्थल रहेंगे। वह विटामिन-डी और थायरॉइड से जुड़े शोधों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित हैं। उनके अनेक शोध पत्र विश्व प्रसिद्ध जर्नलों में प्रकाशित हुए हैं।

चैंबर में सदस्यों व उनके परिवारजनों को शरीर में हार्मोनों की महत्ता के विषय में जानकारी देंगे। हार्मोनल असंतुलन को नियंत्रित करने और उन्हें बेहतर बनाए रखने के लिए नए शोध और उपलब्ध उपचार की जानकारी देंगे। साथ ही डायबिटीज के प्रबंधन में मोटापा कम करने के लिए आई नई दवाओं की प्रभावशीलता, उनका उचित उपयोग और सावधानियों के बारे में भी मार्गदर्शन देंगे। पांच मई को वर्तमान में तेजी से बदलते परिदृश्य को देखते हुए भारत की भूमिका और उसके द्वारा उठाये गए रणनीतिक कदम अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाते हैं, इस पर पूर्व रॉ अधिकारी कर्नल आरएसएन सिंह व सेवानिवृत्त कर्नल अजय के रैना का विशेष टॉक शो होगा। कर्नल भारत के रणनीतिक युध्याभ्यासों के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालेंगे। डॉ. आईएम रोहतगी, स्वतंत्र सिंह व महेंद्र मोदी रहे।

मर्चेंट चैम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश की प्रेस वार्ता में डॉ. एएस प्रसाद, डॉ. अवध दुबे, डॉ. आईएम रोहतगी, स्वतंत्र अग्रवाल व महेंद्र मोदी।

● मर्चेंट चैंबर में पद्मभूषण डॉ. अम्बरीश मित्तल स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देंगे

**कार्यक्रम में इन विषयों पर भी होगी चर्चा**

- भू-राजनीतिक बदलावों में भारत की भूमिका
- भारत की राजनीतिक खुफिया नीति
- तकनीकी उन्नति और सैन्य तैयारियां
- सीमा सुरक्षा और आंतरिक स्थिरता